भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1762
14 दिसम्बर, 2021 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

नोएडा और ग्रेटर नोएडा में 'आयुष' औषधालयों के खुलने में विलंब

1762. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) यदि सरकार भारतीय चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देना चाहती है तो दो वर्ष पूर्व नोएडा और ग्रेटर नोएडा में प्रस्तावित 'आयुष' औषधालयों के खुलने में इतना विलंब होने के क्या कारण हैं;
(ख) क्या यह सच है कि 'आयुष' औषधालयों के स्थान का चयन करने का कार्य और डॉक्टरों और फार्मेसी अधिकारियों के चयन का कार्य अभी तक शुरू भी नहीं हुआ है; और
(ग) यदि काम इसी गति से चलता रहा तो यह स्वास्थ्य केन्द्र कब तक चालू हो पाएंगे?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (ग): नोएडा और ग्रेटर नोएडा में नए सीजीएचएस आयुष औषधालयों के स्थान का चयन कर लिया गया है। यह निर्णय लिया गया है कि इन इकाइयों को क्षेत्र के मौजूदा सीजीएचएस ऐलोपैथिक आरोग्य केंद्रों के साथ ही स्थापित किया जाए और आयुष मंत्रालय, जो आयुष चिकित्सकों का संवर्ग नियंत्रण प्राधिकरण है, द्वारा वहां आयुष चिकित्सकों की तैनाती किए जाने पर उन्हें शुरू किया जाए।

*****